प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.01.2026 **3:00 बजे**

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में बीती रात से बर्फबारी और वर्षा का क्रम रूक–रूककर जारी है। सीजन की इस पहली भारी बर्फबारी व बारिश से राज्य में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। राज्य के अधिकतर सड़क मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध हैं वहीं बिजली व दूरसंचार सेवाएं भी बाधित हुई हैं। जनजातीय क्षेत्र लाहौल स्पिति के केलंग में लगभग 5 इंच, काजा में 3 इंच तक ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। जिले में 3 सौ 50 से अधिक सड़कें अवरूद्ध हैं। किन्नौर जिले के छितकुल में 2 इंच जबकि कल्पा, सांगला व नेसंग में एक–एक इंच ताजा बर्फबारी हुई है। चंबा जिले के पांगी में 8 इंच जबकि डलहौजी, भरमौर, खजियार व जोत में साढ़े तीन इंच ताजा बर्फबारी हुई है। इधर राजधानी शिमला सहित आसपास के क्षेत्रों में भी ताजा हिमपात से यातायात अवरूद्ध है। शिमला उपरी क्षेत्रों के लिए आवाजाही बंद हो गई है। वहीं ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन सहित अन्य मैदानी इलाकों में तेज हवाओं के साथ रूक–रूककर वर्षा का दौर जारी है। नए साल में सीजन की इस पहली बर्फबारी से किसानों व बागवानों के अलावा पर्यटन व्यवसायी बेहद खुश हैं।

इस बीच प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों व पर्यटकों को अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम व सड़क की स्थिति संबंधी आधिकारिक जानकारी लेते रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज राज्य के 9 जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और आंधी तूफान का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज केरल के कोच्चि में आयोजित अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद की बैठक में भाग लिया। इस उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने की। बैठक के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल प्रदेश और पंजाब में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न पहलों से परिषद को अवगत करवाया। उन्होंने रिवर क्रूज पर्यटन और धार्मिक पर्यटन सर्किट के विकास पर विशेष बल देते हुए बताया कि रावी नदी को रणजीत सागर बांध से गांधियन स्थित चमेरा बांध तक रिवर क्रूज पर्यटन के लिए विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सतलुज नदी को एक महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है। यह प्रस्तावित मार्ग हिमाचल प्रदेश के तत्तापानी और नैना देवी मंदिर को पंजाब के आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब से जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए व्यवहार्यता अध्ययन वर्तमान में प्रगति पर है।

बसंत पंचमी

आज बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जा रहा है। यह वसंत ऋतु का स्वागत करने और देवी सरस्वती की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। यह ज्ञान, बुद्धि और नई शुरुआत का सम्मान करने वाला त्योहार है। यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है। इस अवसर पर कुल्लू में भगवान रघुनाथजी की शोभा यात्रा निकाल कर उन्हें ढालपुर मैदान तक लाया जाता है, और बाद में उन्हें रथ पर बिठा उनके अस्थायी शिविर तक ले जाते हैं। कुल्लू में बसंत पंचमी को भरत मिलाप के रूप में भी मनाया जाता है। बाद में रघुनाथजी को गुलाल चढ़ाया जाएगा और आगामी 40 दिनों तक यही क्रम जारी रहेगा व चालीसवें दिन होली का त्योहार मनाया जायेगा।

प्रधानमंत्री–मन की बात.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कडी होगी। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। वे नमो ऐप या मायगॉव ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने सुझाव साझा कर सकते हैं।

हालड़ा

लाहौल–स्पीति जिले की ग्राम पंचायत कोकसर में हालड़ा उत्सव आज से शुरू हो जाएगा, जो करीब एक माह तक चलेगा। उत्सव के आयोजन और जन–धन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाहौल–स्पीति की एसडीएम कुनिका एकर्स ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार कोकसर की ओर खासकर पर्यटन से जुड़े वाहनों पर की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा, हालांकि यह प्रतिबंध बीआरओ के वाहनों और एंबुलेंस, पुलिस तथा अन्य आपात सेवाओं पर लागू नहीं होगा। ये आदेश आज से प्रभावी रहेंगे।

————————————————————